Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Gudhe Shri Anantrao

Title: Need to ensure remunerative prices to the cotton growers in the country through Cotton Corporation of India.

श्री अनंत गुढ़े (अमरावती) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में महाराट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बड़ी मात्रा में कपास का उत्पादन होता है। महाराट्र में एकाधिकार योजना के द्वारा कपास की खरीददारी होती है। पिछले वा 2003-2004 में कपास के दाम रु. 2,700/- और रु.2,800/- थे, लेकिन इस वजह से इस वा किसानों ने बड़ी मात्रा में कपास की बुवाई की, लेकिन सारे देश में कपास के दाम में भारी मात्रा में गिरावट आई है। कम बरसात के कारण कपास के उत्पादन में भारी मात्रा में गिरावट आई है। इस साल केवल रु. 1800/- से रु.2000/- तक के भाव से कपास की खरीददारी हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि सी.सी.आई. के द्वारा कपास की खरीददारी हो, कपास को तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल के दाम मिलें और जो कपास बाहरी देशों से हिन्दुस्तान में आयात होती है, उस पर 50 प्रतिशत आयकर शुल्क लगाया जाए।